# राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र  मध्य प्रदेश  मे हिन्दी पखवाड़े का आयोजन

मध्य प्रदेश राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र व जिला केन्द्रों में दिनांक 14 से 28 सितंबर 2025 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन इस वर्ष भी किया गया ।राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी श्री कमलेश जोशी के मार्गदर्शन में हिन्दी पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा प्रत्येक प्रतियोगिता के समन्वयन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया । यह पखवाड़ा हिंदी से सम्बंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा गतिविधियों के माध्यम से दैनिक कार्यालयीन कार्यो मे राजभाषा के प्रयोग, प्रचार, और विकास को प्रोत्साहित करने हेतु केन्द्रित था | इस अवधि में निम्नलिखित चार प्रतियोगिताएं आयोजित की गई–

| क्रमांक | दिनांक एवं समय | प्रतियोगिता का नाम | समन्वयकअधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1. | 18/09/2025<br>दोपहर 3.30 से 4.30 | चित्र आधारित भाव संप्रेषण (कहानी/निबंध/कविता/ जो कुछ भी आप लिखना चाहें ) | श्री वर्गीस अब्राहम, अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी |
| 2. | 19/09/2025<br>दोपहर 3.30 से 4.30 | हिन्दी निबंध (तात्कालिक) | श्री अरविंद सोले, अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी |
| 3. | 23/09/2025<br>दोपहर 3.30 से 4.30 | टिप्पण/प्रारूपण | श्री विनायक गुर्जर, अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी |
| 4. | 24/09/2025<br>दोपहर 3.30 से 5.00 | हिन्दी भाषण (तात्कालिक) | श्रीमति गीतांजलि मेहता, अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी |

## हिन्दी पखवाड़ा - आयोजन समिति–

1. श्री राहुल चटर्जी, वैज्ञानिक 'एफ' – अध्यक्ष
2. श्री संतोष शुक्ला, वैज्ञानिक 'एफ' – सदस्य
3. श्री अजय त्रिपाठी, वैज्ञानिक 'ई' – सदस्य
4. श्री मनोज शर्मा, वैज्ञानिक 'ई' – सदस्य

आयोजन समिति एवं समन्वयक अधिकारियों द्वारा प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया ।

उपरोक्त प्रतियोगिताओं में  राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र , म.प्र.  के अधिकारियों व कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ बड़ी संख्या में भाग लिया। सभी जिला  व उपकेन्द्र वीडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए | दिनांक 29/09/2025 को समापन समारोह का आयोजन किया गया |

श्री अरविन्द सोले, अतिरिक्त राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी एवं  राजभाषा अधिकारी द्वारा स्वागत भाषण के साथ  हिंदी पखवाड़े में आयोजित हुए कार्यक्रम कि विस्तृत जानकारी दी  गई एवं हिंदी दिवस के महत्व को बताया गया |

मुख्य अतिथि, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी श्री कमलेश जोशी महोदय द्वारा हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और उन्हे प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

समापन समारोह में श्री जोशी द्वारा अपने संबोधन में राजभाषा के अधिकाधिक उपयोग करने, सम्पूर्ण कार्यालयीन कार्य को हिन्दी में करने तथा हिन्दी के लिए प्रेरक वातावरण बनाने में योगदान हेतु आग्रह किया गया । आयोजन समिति के सदस्य श्री संतोष शुक्ला , वैज्ञानिक एफ द्वारा समापन कार्यक्रम के  संचालन के साथ ही हिंदी भाषा की प्रश्नोतरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी, जिसमे सभी उपस्थित अधिकारियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया |

कार्यक्रम के अंत में श्री विनायक गुर्जर, अतिरिक्त राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी द्वारा हिन्दी पखवाड़े के आयोजन में मार्गदर्शन एवं पूर्ण सहयोग प्रदान करने हेतु राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी महोदय तथा  इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी प्रतिभागियों का विशेष रूप से आभार प्रकट किया गया। आभार प्रदर्शन के उपरांत कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# हिन्दी पखवाड़ा – 2025 प्रतियोगिता परिणाम

## चित्रआधारित भाव संप्रेषण

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सुश्री अभिलाषा जैन | प्रथम |
| 2 | श्री रजतरस्तोगी | द्वितीय |
| 3 | श्री डेलन प्रजापति | तृतीय |
| 4 | श्री योगेश जैन | प्रोत्साहन |
| 5 | सुश्री सुचिता श्रीवास्तव | प्रोत्साहन |
| 6 | श्री यतिश कुमार सिसौदिया | प्रोत्साहन |
| 7 | श्री कपिल पाटीदार | प्रोत्साहन |
| 8 | श्री नीलेश मंडलोई | प्रोत्साहन |
| 9 | श्री अरुण कुमार गौर | प्रोत्साहन |

## हिन्दी निबंध (तात्कालिक)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सुश्री दुर्गा गहलोत | प्रथम |
| 2 | सुश्री सरस्वती परमार | द्वितीय |
| 3 | श्री प्रफूल्ल श्रीवास्तव | तृतीय |
| 4 | श्री रजत रस्तोगी | प्रोत्साहन |
| 5 | श्री सौरभ कुमार साहू | प्रोत्साहन |
| 6 | सुश्री पूनम माद्रे | प्रोत्साहन |
| 7 | सुश्री दीप्ति यादव | प्रोत्साहन |
| 8 | श्री राकेश कुमार पटेल | प्रोत्साहन |
| 9 | श्री चेतन धकाते | प्रोत्साहन |

## हिन्दी टिप्पण/प्रारूपण

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री नितिन गुप्ता | प्रथम |
| 2 | श्री प्रदीप अहिरवार | द्वितीय |
| 3 | सुश्री अभिलाषा जैन | तृतीय |
| 4 | श्री योगेन्द्र सिंह ठाकुर | प्रोत्साहन |
| 5 | श्री दशरथ प्रजापति | प्रोत्साहन |
| 6 | सुश्री सरस्वती परमार | प्रोत्साहन |
| 7 | श्री आशीष शुक्ला | प्रोत्साहन |
| 8 | श्री चेतन धकाते | प्रोत्साहन |
| 9 | श्री समीर राजन | प्रोत्साहन |

## हिन्दी भाषण (तात्कालिक)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री नितिन गुप्ता | प्रथम |
| 2 | श्री जितेंद्र कुमार पराशर | द्वितीय |
| 3 | श्री गिरवर सिंह बघेल | तृतीय |
| 4 | श्री डेलन प्रजापति | प्रोत्साहन |
| 5 | श्री राजेंद्र पाटीदार | प्रोत्साहन |
| 6 | श्री धर्मेंद्र कुमार जैन | प्रोत्साहन |
| 7 | श्री योगेन्द्र सिंह ठाकुर | प्रोत्साहन |
| 8 | श्री अनिल परमार | प्रोत्साहन |
| 9 | श्री समीर राजन | प्रोत्साहन |

श्री राहुल चटर्जी, वैज्ञानिक ‘एफ’ – अध्यक्ष
हिन्दी पखवाड़ा - आयोजन समिति
राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, म. प्र.

# हिन्दी पखवाड़े की गतिविधियों की चित्रमय झांकी

























